(b) if the answer to part (a) above be in the affirmative, whether Government have considered his suggestions and if so, what decision has been taken by Government in this regard?]

**स्वास्थ्य मंत्री (श्री डी० पी० करमरकर):** (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार २८ दिसम्बर, १९५९ को हैदराबाद में इण्डियन कान्फ्रेंस ग्राफ सोशल वर्क के वार्षिक जलसे में बोलते हुये डा० एस० चन्द्रशेखर ने ग्राम बन्ध्यीकरण करने की सिफारिश नही की ।

(ख) यह प्रश्न नही उठता ।

†[THE MINISTER OF HEALTH (SHRI D. P. KARMARKAR): (a) According to available information, Dr. S. Chandrashekhar did not advocate mass sterilization while speaking at the annual function of the Indian Conference of Social Work at Hyderabad on the 28th December, 1959.

(b) Does not arise.]

**श्री नवाबसिंह चौहान** : क्या माननीय मंत्री ने श्री चन्द्रशेखर से इस बात को पूछा था कि उन्होने इस प्रकार की स्पीच दी है कि नहीं ? अगर पूछा था तो उनका क्या उत्तर आया ?

**श्री डी० पी० करमरकर** : हमने उनसे नही पूछा और जरूरत भी नही थी । लेकिन मास स्टेरेलाइजेशन उन्होंने नही बताया ।

SHRIMATI YASHODA REDDY: May I know from the hon. Minister as to what, in his opinion, is the correct way of solving this population problem, because this propaganda for encouraging family planning and the medicines supplied by the Government so far have been too costly for the ordinary people and there is more and more frustrations? Does he think it advisable to have mass sterilization? What is his opinion about this?

SHRI D. P. KARMARKAR: I should be safe in consulting my friend's opinion in regard to this matter. Government's opinion of course. . . .

MR. CHAIRMAN: Order, order.

RAJKUMARI AMRIT KAUR: I only want to know as to what Dr. Chandrashekhar had said in regard to this problem.

SHRI D. P. KARMARKAR: Sir, so far as we have been able to understand, he advocated sterilization as one of the means of family planning. He perhaps laid more emphasis on it than we in the Government did.

**श्री नवाबसिंह चौहान** : क्या यह सच है कि उन्होंने दिल्ली, मद्रास, इन शहरों की बढ़ती हुई आबादी पर बड़ी चिन्ता प्रकट की थी और मास स्टेरेलाइजेशन के लिये कहा था। और सरकार ने यह क्यों नहीं उचित समझा कि जब वे एक सरकारी अधिकारी थे तो उनसे पूछती कि उन्होंने इस तरीके की बात कही या नही ?

SHRI D. P. KARMARKAR: Sir, I am not able to understand the implication. Mass sterilization means stoppage of population altogether, and I am quite sure in my mind that Dr. Chandrashekhar wanted only to limit the population and not to stop it altogether, which would really be absurd.

MR. CHAIRMAN: Next question.

**डेरी सम्बन्धी समस्याओं पर विचार करने के लिये खाद्य तथा कृषि संगठन की कान्फ्रेंस**

*१२६. **श्री नवाबसिंह चौहान** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डेरी सम्बन्धी समस्याओं पर विचार करने के लिये कुछ महीनों पहले दिल्ली में खाद्य तथा कृषि संगठन की जो कान्फ्रेंस हुई उसमें क्या निर्णय किये गये;

(ख) इन निर्णयों से सामान्यत: देश की तथा विशेषत: दिल्ली की दुग्ध योजना को क्या लाभ हुआ; और

†[ ] English translation.

(ग) इस सम्बन्ध में खाद्य तथा कृषि संगठन से क्या क्या सहायता मिलने की आशा है ?

†[F.A.O. CONFERENCE ON DAIRY PROBLEMS

*126. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what decisions were taken at the Conference of the Food and Agriculture Organisation held in Delhi some months back to consider dairy problems;

(b) to what extent the milk scheme of the country in general and in Delhi in particular has been benefited by those decisions; and

(c) what assistance is likely to be received from the Food and Agriculture Organisation in this connection?]

कृषि उपमंत्री (श्री एम० वी० कृष्णप्पा): (क) से (ग). सभा की टेबिल पर एक विवरण रख दिया गया है ।

विवरण

(क) संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने एशिया और दूर पूर्व (Far East) की डेरी सम्बन्धी समस्याओं पर विचार करने के लिये एक बैठक बुलाई थी । उनकी रिपोर्ट और सिफारिशों का अभी इन्तजार है ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं होते ।

†[THE DEPUTY MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI M. V. KRISHNAPPA): (a) to (c). A statement is laid on the Table of the Sabha.

STATEMENT

(a) The meeting on dairy problems in Asia and the Far East was convened by the Food and Agriculture Organization of the United Nations and their report and recommendations are still awaited.

(b) and (c). Do not arise.]

श्री नवाबसिंह चौहान : क्या इस कान्फ्रेंस में भारत सरकार का भी कोई रिप्रेजेन्टेटिव था ? अगर था तो क्या उसने अपनी डेरी सम्बन्धी समस्यायें उसके सामने रखीं ?

श्री एम० वी० कृष्णप्पा : इस कान्फ्रेंस में ६० प्रतिनिधि आये थे । इसमें भारतीय प्रतिनिधि भी था ।

The F.A.O. convened this Conference.

श्री नवाबसिंह चौहान : मेरे पूछने का मतलब यह है कि जब भारतीय रिप्रेजेन्टेटिव इसमें शरीक हुआ तो क्या उसने भारत की डेरी प्राब्लम को वहां रखा और अगर रखा तो क्या वहां उससे कुछ और सहायता मिलने की आशा हुई ?

SHRI M. V. KRISHNAPPA: Sir, this Conference was convened by the F.A.O. to go into the difficulties and problems faced by the dairy industry in the various regions of Asia and the Far East and all the countries of Asia and the Far East participated in it. The representatives of each country placed before this Conference the particular difficulties that they were experiencing in the matter of developing their dairy industry. The representatives of India too placed before this Conference the difficulties that they were facing and they wanted to know how those difficulties could be solved, etc.

श्री नवाबसिंह चौहान : इसका नतीजा क्या हुआ ?

What has been the result of putting those difficulties before the Conference?

SHRI M. V. KRISHNAPPA: The result has been that the F.A.O. is aiding India. Most of our dairy projects have been set up with the aid of foreign agencies like the F.A.O.,

†[ ] English translation.

the T.C.M., the UNICEF and the Colombo Plan. For example, we got Rs. 1,20,00,000 worth of aid under the Colombo Plan for our Delhi Dairy. Most of the machinery has come under the Colombo Plan. So also is the case with our Madras Dairy and our Bombay Dairy. Almost all the dairy plants in India have been set up like that. Under the F.A.O. we would be able to get a substantial aid in the near future.

SHRIMATI YASHODA REDDY: Sir, a few months back, while answering a question, the hon. Minister was pleased to say that the Government was considering having a powdered-milk plant in Andhra, somewhere between Guntur and Krishna. May I know whether the F.A.O. is giving any help and whether the Government has done anything in that field?

SHRI M. V. KRISHNAPPA: Sir, the UNICEF representatives had gone to Vijayawada and they returned with a good impression. They intend to sanction the scheme meant for Vijayawada in Andhra, according to which, I think, Andhra will get a very substantial aid under the UNICEF.

**हिन्दुस्तान शिपयार्ड, विशाखापत्तनम्**

***१२७. श्री नवाबसिंह चौहान :** क्या परिवहन तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान शिपयार्ड, विशाखापत्तनम् को १९६१ में खाली होने वाले धरातलों (बर्थों) के लिये आर्डर मिलने में कठिनाई हो रही है और जहाजों के आर्डर विदेशों को जा रहे हैं;

(ख) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर 'हां' हो, तो इसका कारण क्या है और इस कठिनाई को दूर करने के लिये सरकार क्या प्रयत्न कर रही है; और

(ग) क्या इसके फलस्वरूप कोचीन के प्रस्तावित शिपयार्ड के निर्माण पर कोई असर पड़ने की सम्भावना है; यदि हां, तो किस हद तक ?

†[HINDUSTAN SHIPYARD, VISHAKAPATNAM

*127. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister of TRANSPORT AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Hindustan Shipyard, Visakhapatnam is experiencing difficulty in obtaining orders for the berths to be cleared in 1961 and that the orders for the ships are being sent to foreign countries;

(b) if the answer to part (a) above be in the affirmative, what is the reason therefor and what steps Government are taking to overcome the difficulty; and

(c) whether the construction of the proposed Cochin Shipyard is likely to be affected as a result of this, and if so, to what extent?]

**वहन तथा संचार मंत्रालय के राज्य (श्री राज बहादुर) :** (क) से (ग). इस सम्बन्ध में एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है ।

**विवरण**

(क) और (ख). दूसरी पंचवर्षीय आयोजना में हिन्दुस्तान शिपयार्ड को गैर-सरकारी व सरकारी क्षेत्र में जहाजों के मालिकों से जहाज बनाने के आर्डर लेने में कोई कठिनाई नहीं हुई जिससे कि यार्ड की क्षमता का पूरा पूरा उपयोग न हो सके । वस्तुस्थिति यह है कि दूसरी आयोजना में जितने जहाजों का आर्डर मिला उनमें से

†[ ]English translation.